इफको नैनो यूरिया तरल के लाभ और सावधानियां

By Kisan Kheti Ganga
IFFCO Kisan

नैनो यूरिया नैनो तकनीकी पर आधारित एक अनूठा उर्वरक है जो कि विश्व में पहली बार विकसित किया गया है तथा भारत सरकार द्वारा अनुमोदित भी है. फसल की क्रांति का अवस्थाओं पर नैनो यूरिया का पत्तियों पर छिड़काव करने से नाइट्रोजन की सफलतापूर्वक आपूर्ति हो जाती है, जिससे उत्पादन वृद्धि के साथ-साथ पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है, क्योंकि इसका इस्तेमाल पत्तियों पर छिड़काव के रूप में होता है और यह सामान्य दानेदार यूरिया की तरह जमीन में जाकर मिट्टी को भी दूषित नहीं करता है.

जाने नैनो यूरिया के लाभ (Know the benefits of Nano Urea)

- यह सभी फसलों के लिए उपयोगी है.
- सुरक्षित एवं पर्यावरण के अनुकूल टिकाऊ खेती हेतु उपयोगी है.
- बिना उपज प्रभावित किए यूरिया तथा अन्य नाइट्रोजन युक्त यूरिया की बचत करता है.
- वातावरण प्रदूषण की समस्या से मुक्ति यानि मिट्टी हवा और पानी की गुणवत्ता में सुधार के साथ उर्वरक उपयोग दक्षता भी इसकी अधिक है.
- उत्पादन वृद्धि के साथ उत्पादक गुणवत्ता में वृद्धि होती है.
- परिवहन एवं भंडारण खर्चों में कमी एवं सुगम परिवहन किया जा सकता है.

Related Links

· इफको ने लॉन्च किया नैनो यूरिया तरल, जानें- कीमत, फायदे और फसलों पर प्रभाव

तरल नैनो यूरिया की उपयोग विधि (Application method of Liquid Nano Urea)

नैनो यूरिया का 2 से 4 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी के घोल का खड़ी फसल में छिड़काव करना चाहिए. नाइट्रोजन की कम आवश्यकता वाली फसलों में 2 मिलीलीटर एवं नाइट्रोजन की अधिक आवश्यकता वाली फसलों में 4 मिलीलीटर तक नैनो यूरिया प्रति लीटर पानी की दर से उपयोग किया जा सकता है. अनाज तेल सब्जी कपास इत्यादि फसलों में दो बार तथा दलहनी फसलों में एक बार नैनो यूरिया का उपयोग किया जा सकता है, जिसमें पहला छिड़काव अंकुरण या रोपाई के 30 से 35 दिन बाद तथा दूसरा छिड़काव फूल आने के 1 सप्ताह पहले किया जा सकता है. एक एकड़ खेत के लिए प्रति छिड़काव लगभग 150 लीटर पानी की मात्रा पर्याप्त होती है.

उपयोग करने के दिशा निर्देश तथा सावधानियां (Directions and Precautions for use)

- उपयोग से पहले अच्छी तरह से बोतल को हिलाएं.
- प्लेट फैन नोजल का उपयोग करें.
- सुबह या शाम के समय छिड़काव करें. तेज धूप, तेज हवा तथा और ओस हो तब इस्तेमाल नहीं करना चाहिए.
- यदि नैनो यूरिया के छिड़काव के 12 घंटे के भीतर बारिश होती है तो छिड़काव को दोहराना चाहिए.
- जैव- उत्प्रेरक जैसे सागरिका, 100% घुलनशील उर्वरकों और कृषि रसायनों के साथ मिलाकर उपयोग किया जा सकता है. लेकिन जार परीक्षण करके ही प्रयोग करें.
- बेहतर परिणाम के लिए नैनो यूरिया का उपयोग इसके निर्माण की तारीख से 2 वर्ष के अंदर कर लेना चाहिए.
- नैनो यूरिया विश मुक्त है, फिर भी सुरक्षा की दृष्टि से फसल पर छिड़काव करते समय फेस मास्क और दस्ताने का उपयोग करने की सलाह दी जाती है.
- नैनो यूरिया को बच्चों और पालतू जानवरों की पहुंच से दूर ठंडी और सूखी जगह पर ही रखे.

नैनों यूरिया की कीमत और बिक्री केन्द्र (Nano Urea Price and Sales Center)

इसकी 500 मिली बोतल की कीमत लगभग 240 रूपये रखी गई है. खरीदने हेतु अपने नजदीकी इफको बिक्री केंद्र पर संपर्क करें अथवा वेबसाइट www.iffcobazar.in पर

ऑनलाइन आर्डर करके सीधे अपने घर पर मंगवा सकते हैं. अधिक जानकारी के लिए टोल फ्री नंबर 1800-103-1967 या ई-मेल आईडी nbrc@iffco.in पर भी संपर्क किया जा सकता है.